# High School Board Exam. - 2012

## हिन्दी ( सामान्य ) - 2012

**समय : 3 घण्टे ]** **कक्षा : 10वीं** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश-** **( i ) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। ( ii ) आरम्भ में दिये गये वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए। ( iii ) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के लिए पाँच अंक है। प्रत्येक उपभाग का एक-एक अंक निर्धारित है। ( iv ) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक के लिए चार-चार अंक निर्धारित है। ( उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए ) ( v ) प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। ( उत्तर लगभग 75 शब्दों में दीजिए ) ( vi ) प्रश्न क्रमांक 21 के लिए दस अंक हैं। ( उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए ) ( vii ) प्रत्येक प्रश्न के लिये आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।**

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त-स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए- $1 \times 5 = 5$

(i) 'मेरी जीवन रेखा' ........ निबन्ध है। (आलोचनात्मक/आत्मकथात्मक)

(ii) 'मजदूरी और प्रेम' निबन्ध के लेखक ....... हैं। (सरदार पूर्णसिंह/श्री राम शर्मा आचार्य)

(iii) योगी अरविन्द का जन्म ....... में हुआ था। (पांडिचेरी/कलकत्ता)

(iv) 'साये में धूप' प्रसिद्ध जल संग्रह के कवि ........ हैं। (दुष्यंत कुमार/रमानाथ अवस्थी)

(v) काम को आरम्भ करने के लिये मुहावरा है ..... । (श्रीगणेश करना/श्रीराम करना)

प्रश्न 2. सही विकल्प चुनकर लिखिए- $1 \times 5 = 5$

(i) महावीर प्रसाद द्विवेदी लिखित एकमात्र पुस्तक थी-
(क) सम्पत्तिशास्त्र (ख) समाजशास्त्र
(ग) राजनीतिशास्त्र (ग) धर्मशास्त्र

(ii) मीराबाई ने केसर घोली है-
(क) चन्दन की (ख) फूलों की
(ग) शील-सन्तोष की (घ) खुशबू की

(iii) मनुष्यो के चरित्र निश्चित किये जाते हैं-
(क) देवताओं द्वारा (ख) सन्तों द्वारा
(ग) राजाओं द्वारा (घ) स्वयं मनुष्यों द्वारा

(iv) दादा कर्मचन्द का पोता परेश उसी कस्बे में नियुक्त हो गया था-
(क) नायब तहसीलदार (ख) शिक्षक
(ग) जमादार (घ) हवलदार

(v) 'बाल्टी' शब्द आगत है-
(क) जापानी से (ख) पुर्तगाली से
(ग) उर्दू से (घ) हिन्दी से

प्रश्न 3. सत्य/असत्य का चयन कीजिए- 1 × 5 = 5

(i) औषधियों का जानकार भेषज कहलाता है।
(ii) 'आप सब भोजन करें।' इच्छावाचक वाक्य है।
(iii) योगी अरविन्द नर्मदा किनारे स्वामी ब्रह्मानन्द के दर्शन करने गये।
(iv) कवि दिवाकर वर्मा के अनुसार वायुमण्ल सुगन्धित होने लगा है।
(v) शबरी कविता पौराणिक प्रसंग पर आधारित है।

प्रश्न 4. स्तम्भ 'क' से 'ख' का मिलान कर सही जोड़े बनाइये- 5

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) विचाराधीन | (अ) लेखक की निजी वस्तु |
| (ii) पीड़ा को दुलारने वाला | (ब) जिस पर विचार चल रहा हो |
| (iii) हमारा देश | (स) महाकवि |
| (iv) माघ | (द) सुख स्वर्ग सा |
| (v) डायरी | (इ) घनश्याम |
| | (फ) माता का प्यार |

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर एक वाक्य में दीजिए- 5

(i) श्रीनगर का सबसे ऊँचा स्थान कौनसा है ?
(ii) पूर्ण विराम का प्रयोग कब किया जाता है ?
(iii) कवयित्री ऊषा राजे ने अपनी तुलना किससे की है ?
(iv) सन्धि कितने प्रकार की होती है ?
(v) कलिंग की महारानी कौन थी?

प्रश्न 6. किस प्रकार के लोग आत्म-हनन का मार्ग अपनाते है ?

**(अथवा)** "विद्वता की शोभा अहंकार नहीं विनम्रता है।" आशय स्पष्ट कीजिए। 4

प्रश्न 7. 'तुम्हारी विरासत' कविता हमें क्या संदेश देती है?

**(अथवा)** जमाने के चलन को सुधारने के लिए कवि की युवाओं से क्या अपेक्षाएँ हैं? 4

प्रश्न 8. 'सुखी डाली' एकांकी के माध्यम से संयुक्त परिवार की आवश्यकता और अच्छाईयों की ओर संकेत किया गया है। इसे समझाइए।

**(अथवा)** "माटीवाली भाग्यवादी न होकर कर्मठ है।" कहानी के आधार पर समझाइए। 4

प्रश्न 9. कवि रामंनरेश त्रिपाठी ने भारत देश की कौन-कौन सी विशेषताएँ बताई है?

**(अथवा)** 'शबरी' कविता के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश किस प्रकार प्राप्त होता है? 4

प्रश्न 10. श्रीमन्नारायण अग्रवाल ने समय के महत्व को किस प्रकार दर्शाया है?

**(अथवा)** मनुष्य का साधारण जीवन कब श्रेष्ठ बनता है? 4

प्रश्न 11. मीरा रचित पद 'फागुन के दिन चार ........ ' में होली के माध्यम से कृष्ण भक्ति को किस प्रकार उजागर किया गया है?

**(अथवा)** बरखा गीत में प्रयुक्त प्रतीकों को समझाइए। 4

प्रश्न 12. जीवनी और आत्मकथा में कोई तीन अन्तर बताते हुए दोनों विधाओं का एक-एक उदाहरण दीजिए। 3 + 1

**(अथवा)** कहानी के कितने तत्व होते है? किसी i को समझाइए। 2 + 2

प्रश्न 13. (क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए-
(अ) यदि परिश्रम करोगे, तब अच्छे अंक प्राप्त करोगे।
(ब) यह बड़ा सुन्दर चित्र है।
(ख) निम्नलिखित शब्दों की संधि-विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए-
महात्मा, निर्धन। 2+2

(अथवा) (क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताते हुये वाक्यों में प्रयोग कीजए (कोई दो)-
(अ) अन्धे की लाठी, (ब) आकाश छूना, (स) टेढ़ी खीर होना।
(ख) निम्नलिखित शब्दों के समास विग्रह कर समास का नाम बताइए-
(अ) नवग्रह (ब) तपोधन।

प्रश्न 14. यथानिर्देश प्रश्नों को हल कीजिए-
(क) निम्नलिखित के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-
अमृत, आकाश। 2
(ग्र) निम्नलिखित के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए-
तुच्छ, आदर। 1
(ग) निम्नलिखित के तद्भव शब्द लिखिए-
भ्राता, निद्रा। 1

(अथवा) (क) अर्थ के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं? दो प्रश्नवाचक वाक्य बनाइए।
(ख) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए-
(i) जानने की इच्छा। (ii) जो धनुष धारण करता हो।

प्रश्न 15. (क) रचना के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए। मिश्र वाक्य का कोई एक उदाहरण लिखिए। 2
(ख) लोकोक्ति या कहावत किसे कहते है? 2

(अथवा) (क) निम्नलिखित समानरूप से उच्चरित किन्तु अर्थ भिन्न शब्दों के अर्थ बताते हुए वाक्य भी बनाइए (कोई दो)-
(अ) साकार और सत्कार (ब) आदि और आदी
(ग) अपेक्षा और उपेक्षा।
(ख) नीचे लिखे वाक्यों में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइए-
नौकरी छोड़ने पर मेरे मित्रों ने कई प्रकार से मेरी सहायता की इच्छा प्रकट की किसी ने कहा आओं मैं तुम्हें प्राइवेट सेक्रेटरी बनाऊँगा।

प्रश्न 16. संस्कृति जीवन के लिये आवश्यक क्यों है?
(अथवा) "खिन्नता मानव का अभिशाप है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 5

प्रश्न 17. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए-
प्राण आह्लादित नहीं औ'
रागिनी भी बेसुरी है,
क्षत-विक्षत संवेदनाएँ हैं,
मूक मन की बाँसुरी है,
आज संजीवन जगाने
फूँक दे जो प्राण तन में
है मुझे विश्वास दृढ़ तुम मलय-मारुत सम चलोगे।

**( अथवा )** अब लौं नसानी, अब न नसैंहौं।

रामकृपा भव-निसा सिरानी, जागे पुनि न डसैहौं।

पायो नाम चारु चिंतामनि, उर कर तें न खसैहौं।

स्याम रूप सूचि रुचिर कंसौटी, चित कंचनहिं कसैहौं।। 5

प्रश्न 18. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

सृष्टि में सूर्य, चन्द्रमा, तारे, ऋतु, प्रातः, संध्या आदि को नियमित रूप से आते-जाते देखकर स्पष्ट हो जाता है कि सृष्टि के मूल में एक सुनियोजित व्यवस्था कार्य कर रही है। ये सभी तत्व अनुशासन में बँधकर चलते हैं। यही कारण है कि उनके कार्यकलापों में किंचित मात्र भी अन्तर नहीं हो पाता है। यह प्रकृति ही हमे अनुशासन सिखाती है। अनुशासन बंधन नहीं है। समय, स्थान तथा परिस्थितियो के अनुरुप सामान्य नियम का पालन ही अनुशासन है।

**प्रश्न-**

(क) गद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए। 2

(ख) गद्यांश का सार्थक सार लिखिए। 3

प्रश्न 19. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

तुम हो धरती के पुत्र न हिम्मत हारो।

श्रम की पूँजी से अपना काज संवारो।।

श्रम की सीपी में जब मोती बनता है।

तब स्वाभिमान का दीप स्वयं जलता है।

जागो-जागो तुम श्रम से नाता जोड़ो।

पथ चुनो कर्म का आलस भाव सब छोडो।

**प्रश्न-**

(क) हमें अपने कार्य किस पूँजी से सँवारने हैं? 2

(ख) स्वाभिमान का दीप कब जलता है? 2

(ग) पद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए। 1

प्रश्न 20. अपनी सहेली को पत्र लिखकर उसके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दीजिए।

**( अथवा )** छात्रावास में अच्छा भोजन न मिलने की जानकारी देते हुये प्राचार्य को एक शिकायती-पत्र लिखिए। 5

प्रश्न 21. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दो में निबन्ध लिखिए-

(i) राष्ट्रीय एकता (ii) पर्यावरण प्रदूषण

(iii) कम्प्यूटर:आज की आवश्यकता (iv) समय का सदुपयोग

(v) बालिका शिक्षा 10